# आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
## (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

**वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)**
**टैरिफ के जरिए प्रतियोगिता बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के माध्यम से 04 (चार) अंतर–राज्यीय पारेषण परियोजनाओं के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) आधारित पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए**

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी – एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) नीचे उल्लिखित पारेषण परियोजनाओं की स्थापना हेतु टी. बी. सी. बी. के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) के आधार पर प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) एक चरण दो लिफाफे वाली प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इच्छुक बोलीदाता कृपया हमारी वेबसाइट्स **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** पर 14.08.2026 से उपलब्ध "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) अधिसूचना तथा आरएफपी दस्तावेज का अवलोकन करें।

बोलीदाता, आरएफपी दस्तावेज सभी कार्य दिवसों में 10.30 बजे (भा.मा.स) से 16.00 बजे (भा.मा.स) के बीच (14.08.2026 से प्रस्ताव जमा करने की तिथि से एक दिन पहले तक) हमारी वेबसाइट्स **www.recindia.nic.in** और **www.recpdcl.in** पर उपलब्ध सम्बंधित परियोजनाओं के आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक पारेषण परियोजना के लिए अप्रतिदेय गैर–वापसी योग्य शुल्क (₹5,00,000/– (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) +18% जीएसटी) के भुगतान पर प्राप्त कर सकते हैं।

आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाइट्स **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। तथापि, ऐसे मामले में इच्छुक पार्टी सम्बंधित आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक पारेषण परियोजना के लिए अप्रतिदेय गैर–वापसी योग्य शुल्क (₹5,00,000/– (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) +18% जीएसटी) का अलग से भुगतान करने पर ही आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। सर्वे रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों के स्पष्टीकरण उन्हीं बोलीदाताओं को जारी किया जाएगा, जिन्होंने अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज प्राप्त किया या खरीदा है। इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण समय–सीमा इस प्रकार हैः

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | | स्पष्टीकरण मंगवाने की अंतिम तिथि | आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि | आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान आरईजेड चरण–IV (भाग–6: 6 गीगावाट) (बीकानेर परिसर) (बीकानेर–V: 6 गीगावाट) के अंतर्गत विद्युत निकासी हेतु पारेषण योजना | भाग–क | 03.09.2026 | 16.10.2026, 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 16.10.2026 को 1530 (भा.मा.स) |
| 2. | | भाग–ख | 03.09.2026 | 16.10.2026, 1600 बजे तक (भा.मा.स) | 16.10.2026 को 1630 (भा.मा.स) |
| 3. | | भाग–ग | 03.09.2026 | 19.10.2026, 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 19.10.2026 को 1530 (भा.मा.स) |
| 4. | | भाग–घ | 03.09.2026 | 19.10.2026, 1600 बजे तक (भा.मा.स) | 19.10.2026 को 1630 (भा.मा.स) |

बोली में सभी शुद्धिपत्र, अनुशेष, संशोधन, समय बढ़ाना आदि हमारी वेबसाइट्स **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** पर होस्ट किए जाएंगे। नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

**नोटः** आरईसीपीडीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी बाध्यता के बोली प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। यह कोई पेशकश नहीं है।

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003, भारत

बोली प्रक्रिया समन्वयक — REC Power Development — **आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**

पहलकर्ता — **विद्युत मंत्रालय भारत सरकार**

पहलकर्ता भागीदार — **केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण**

**ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं।** **Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps**